भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 596**

**दिनांक 06 फरवरी, 2025**

**केरल तट पर तेल अन्वेषण गतिविधियां**

**†596. श्री कोडिकुन्नील सुरेश :**

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने केरल तट पर तेल की खोज संबंधी किन्हीं गतिविधियों को शुरू अथवा अनुमोदित किया है;

(ख) यदि हां, तो खोज परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है और किन-किन क्षेत्रों की पहचान की गई है, इसमें शामिल कंपनियां कौन-सी हैं और इन परियोजनाओं के पूरा होने की समय-सीमा क्या है;

(ग) इन परियोजनाओं के लिए अब तक कितनी धनराशि आबंटित और व्यय की गई है;

(घ) क्या इन गतिविधियों के पर्यावरणीय प्रभाव का आकलन किया गया है और यदि हां, तो इसके क्या निष्कर्ष निकले;

(ङ.) तेल की खोज के पर्यावरणीय और आर्थिक प्रभाव के संबंध में तटीय समुदायों और हितधारकों की चिंताओं को दूर करने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं; और

(च) देश के लिए तेल और गैस भंडारों, आर्थिक लाभों और ऊर्जा सुरक्षा के संदर्भ में इस खोज के प्रत्याशित परिणाम क्या है?

**उत्तर**
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री सुरेश गोपी)**

(क) से (ग): नई अन्वेषण लाइसेंसिंग नीति (एनईएलपी) और खुला रकबा लाइसेंसिंग नीति (ओएएलपी) बोली दौरों के तहत केरल कोंकण बेसिन में सरकार द्वारा अन्वेषण और उत्पादन संविदा प्रदान किए गए हैं। ब्लॉकों का ब्यौरा **अनुलग्नक-क** में दिया गया है। एनईएलपी ब्लॉकों में प्रचालकों द्वारा संचयी व्यय लगभग 689.455 मिलियन अमरीकी डॉलर है।

(घ) और (ङ.): कार्यकलापों की शुरुआत से पहले फिलहाल लागू कानूनों के अनुसार तेल और गैस अन्वेषण के लिए तटीय क्षेत्र स्वीकृतियों सहित पर्यावरणीय स्वीकृतियां अनिवार्य है। इसमें सामान्यत: कार्य सौंपने के बाद पर्यावरणीय प्रभाव आकलन (ईआईए) अध्ययन शामिल है। ईआईए प्रक्रिया में जनसुनवाई और पर्यावरण पर अन्वेषण कार्यकलापों का उचित आकलन सुनिश्चित है और पर्यावरणीय सुरक्षा और अनुपालन के लिए आवश्यक सुरक्षा उपायों सहित आवश्यक पर्यावरणीय स्वीकृतियां प्राप्त करने के बाद ही, कंपनियां अन्वेषण कार्यकलाप शुरु कर सकती है। अन्वेषण और उत्पादन कार्यकलाप पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव को न्यूनतम सुनिश्चित करने के साथ-साथ क्षेत्र विशिष्ट के लोगों की आजीविका में वृद्धि करने के उपायों के साथ तालमेल करते हुए किए जाते हैं।

(च): एनईएलपी व्यवस्था के अंतर्गत प्रदान किए गए ब्लॉकों में कोई खोज नहीं गई थी। केरल कोंकण बेसिन में ओएएलपी व्यवस्था के तहत प्रदान किए गए सभी तीनों ब्लॉकों अन्वेषण की प्रारम्भिक अवस्था में है।

****

1. एनईएलपी व्यवस्था के तहत आवंटित ब्लॉकों का विवरण:

| क्र. सं. | ब्लॉक का नाम | दौर | हस्ताक्षर करने का वर्ष | प्रदान किया गया | प्रचालक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | केके -डीडब्ल्यूएन -2000/1 | एनईएलपी - II | 2002 | 18113 | रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड |
| 2 | केके -डीडब्ल्यूएन -2000/2 | एनईएलपी - II | 2002 | 20998 | ओएनजीसी लिमिटेड |
| 3 | केके -डीडब्ल्यूएन -2000/3 | एनईएलपी - II | 2002 | 14889 | रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड |
| 4 | केके -डीडब्ल्यूएन -2000/4 | एनईएलपी - II | 2002 | 26149 | ओएनजीसी लिमिटेड |
| 5 | केके -डीडब्ल्यूएन -2001/1 | एनईएलपी - III | 2003 | 27315 | रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड |
| 6 | केके -डीडब्ल्यूएन -2001/2 | एनईएलपी - III | 2003 | 31515 | रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड |
| 7 | केके -डीडब्ल्यूएन -2001/3 | एनईएलपी - III | 2003 | 21775 | ओएनजीसी लिमिटेड |
| 8 | केके -डीडब्ल्यूएन -2002/2 | एनईएलपी - IV | 2004 | 22810 | ओएनजीसी लिमिटेड |
| 9 | केके -डीडब्ल्यूएन -2002/3 | एनईएलपी - IV | 2004 | 20910 | ओएनजीसी लिमिटेड |
| 10 | केके -डीडब्ल्यूएन -2003/1 | एनईएलपी - V | 2005 | 18245 | रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड |
| 11 | केके -डीडब्ल्यूएन -2003/2 | एनईएलपी - V | 2005 | 12285 | रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड |
| 12 | केके -डीडब्ल्यूएन -2004/1 | एनईएलपी - VI | 2007 | 12324 | ओएनजीसी लिमिटेड |
| 13 | केके -डीडब्ल्यूएन -2005/1 | एनईएलपी - VII | 2008 | 14675 | बीएचपी बिलिटन |
| 14 | केके -डीडब्ल्यूएन -2005/2 | एनईएलपी - VII | 2008 | 19234 | ओएनजीसी लिमिटेड |
| 15 | केके -ओएसएन -2000/1 | एनईएलपी - II | 2001 | 16125 | ओएनजीसी लिमिटेड |
| 16 | केके -ओएसएन -2001/2 | एनईएलपी - III | 2003 | 14120 | ओएनजीसी लिमिटेड |
| 17 | केके -ओएसएन -2001/3 | एनईएलपी - III | 2003 | 8595 | ओएनजीसी लिमिटेड |
| 18 | केके -ओएसएन -97/2 | एनईएलपी - I | 2000 | 19450 | रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड |
| 19 | केके -ओएसएन -97/3 | एनईएलपी - I | 2000 | 15910 | ओएनजीसी लिमिटेड |

नोट:

i. प्रदान किए गए ब्लॉक उथले पानी और गहरे पानी में थे। कोई भी ऑनलैंड ब्लॉक प्रदान नहीं किया गया।

ii. जैसा कि ऊपर दिया गया है, प्रदान किए गए सभी ब्लॉक रद्द कर दिए गए हैं और निष्क्रिय हैं। वर्तमान में, अन्वेषण संबंधी कोई भी गतिविधि प्रगति पर नहीं है।

2. ओएएलपी व्यवस्था के तहत प्रदान गए ब्लॉकों का विवरण: -

| क्र. सं. | ब्लॉक | ओएएलपी दौर | वर्ष | सौंपे गए क्षेत्र (वर्ग कि.मी) | संविदाकार | ब्लॉक का प्रकार | नीति के अनुसार समय-सीमा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | केके -ओएसएचपी -2018/1 | ओएएलपी -III | 2019 | 3519.69 | ऑयल इंडिया लिमिटेड | उथला पानी | 3 वर्ष |
| 2 | केके -डीडब्ल्यूएचपी -2022/1 | ओएएलपी -VIII | 2022 | 1112.71 | ओएनजीसी लिमिटेड | गहरा पानी | 4 वर्ष |
| 3 | केके -ओएसएचपी -2022/1 | ओएएलपी -VIII | 2022 | 6717.56 | ओएनजीसी लिमिटेड | उथला पानी | 3 वर्ष |

स्रोत: हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय

****